महिलाओं के लिए भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों के बारे में शोध आलेख मे चर्चा की गई है। संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों एवं धाराओं में महिलाओं के लिए किए गए विशेष प्रावधानों का जिक्र किया गया है। गैर सरकारी संगठनो के अर्थ एवं भूमिकाओं का विश्लेषण करते हुए नारी सशक्तिकरण में इसकी योगदान तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर ,आत्म विश्वासी, स्वावलंबी आदि बनाकर सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा महिलाओं में जागरूकता लाने में गैर सरकारी संगठनों ने अहम भूमिका अदा कर रही है।

भूमिका

देश की सामाजिक ,आर्थिक ,राजनीतिक सांस्कृतिक क्षेत्रों के विकास में स्त्रियों का महत्वपूर्ण योगदान है। महिला सशक्तिकरण का तात्पर्य महिलाओं का समग्र विकास से संबंधित है। जिसके माध्यम से महिलाएं समाज में अपनी गरिमा पूर्ण एवं सशक्त भूमिका निभा सके, अपने अधिकारों के बारे में सजग रहें, अपने आत्मसम्मान को बढ़ा सके तथा आत्मनिर्भरता के साथ आत्मविश्वास को हासिल करने में सफल हो सके। भारतीय संविधान विभिन्न प्रावधानों के तहत महिलाओं को पुरुषो के समकक्ष रखा गया है।

संविधान की प्रस्तावना का शुरुआत 'हम भारत के लोग'[1] से प्रारंभ होती है। इसका आशय यह कि पुरुषों के साथ महिलाओं को एक समान माना है तथा एक समान सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय की बात कही गई है। संविधान के द्वारा महिलाओं को भी धर्म, विश्वास, उपासना एवं विचार अभिव्यक्ति, स्वतंत्रता एवं प्रतिष्ठा के अवसर की समानता प्रदान किया गया है।

संविधान के माध्यम से सभी नागरिकों को एक समान अधिकार प्रदान किए गए हैं साथ ही महिलाओं के लिए संविधान में विशेष प्रावधान की गई है। जैसे अनुच्छेद 14 मे भारत का क्षेत्र के सभी व्यक्तियों को विधि के समक्ष समानता प्राप्त है।[2] साथ ही विधियों के समान संरक्षण से लिंग के आधार पर वंचित नहीं किया जा सकता है। अनुच्छेद 15 कहा गया है कि धर्म, मूल वंश, जाति ,लिंग, जन्म स्थान के आदि के आधार पर कोई भेदभाव नहीं [3] किए जा सकते अर्थात संविधान के अनुच्छेद 14 -15 स्त्री पुरुष समानता को व्यक्त करता है। अनुच्छेद 15 (3) मे महिलाओं एवं बालकों के लिए विशेष उपबंध कर सकता है।

इससे यह स्पष्ट होता है कि महिलाओं एवं बालको की दशा पुरुषों से थोड़ी भिन्न है। इसलिए इस वर्ग को विशेष संवैधानिक संरक्षण प्रदान किया गया है। प्रारंभ में महिलाओं की स्थिति सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक क्षेत्र में

अत्यंत दयनीय थी अपितु बाल विवाह, बहु विवाह, दहेज प्रथा, बलात्कार,शोषण एवं अत्याचार जैसी प्रथाएं एवं घटनाएं घटित होती थी।

अनुच्छेद 15 (3) के तहत महिलाओं को अनेक संवैधानिक प्रावधान किए गए हैं जिन्हें न्यायालय ने भी अपनी मान्यता प्रदान की है।[4]

1. विशेष विवाह कानून की धारा 36 के तहत गुजारे भत्ते के आदेश हमेशा स्त्रियों के पक्ष में देती है।
2. महिलाओं को आपराधिक प्रक्रिया संहिता के तहत जमानत पर रिहा होने के विशेष अधिकार देते हैं।
3 महिलाओं को गिरफ्तार करने के लिए विशेष प्रावधान है जैसे गिरफ्तारी महिला पुलिस के द्वारा सूरज ढलने के पहले करना आवश्यक होता है।
4. महिलाओं के लिए अलग जेल की व्यवस्था तथा गिरफ्तारी के दौरान अथवा तलाशी के लिए महिला सिपाही का होना आवश्यक है।
5. शिक्षण संस्थाओं में नामांकन हेतु महिलाओं के लिए सीट आरक्षित किए गए हैं ।
6. स्थानीय स्वशासन में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण का प्रावधान किए गए। कई राज्यों में तो 50% महिलाओं के लिए नगरीय निकाय एवं स्थानीय स्वशासन मे आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

अनुच्छेद 42 के तहत महिलाओं को विशेष प्रस्तुति सहायता की व्यवस्था की गई है। इस दौरान महिला कर्मियों को विशेष अवकाश वेतन सहित प्रदान करने का प्रावधान किया गया।[5]

अनुच्छेद 16 के माध्यम से राज्य के अधीन किसी भी पद पर नियुक्ति के विषय में महिला पुरुष को एक समान अधिकार प्रदान किए गए।[6] 'समान कार्य के लिए समान वेतन' की व्यवस्था संविधान के द्वारा प्रदान की गई है ताकि महिलाओं के साथ भेदभाव नहीं किया जा सके।

संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता के माध्यम से महिलाओं को कुछ अधिकार अप्रत्यक्ष रूप से अंतर्निहित की गई है, जिन्हें सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय व द्वारा समर्थन प्रदान किया है। मेनका गांधी बनाम भारत संघ के मामले में उच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 21 को एक नए आयाम प्रदान किया है। जिसके तहत आहार का अधिकार भौतिक अस्तित्व तक ही सीमित नहीं है बल्कि इसमें मानव गरिमा को बनाए रखते हुए जीने का अधिकार के अंतर्गत शामिल किया गया है। साथ ही आहार पाने का अधिकार व प्रदूषण मुक्त जल एवं वायु का उपयोग करने का अधिकार, निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना, बलात्कार से पीड़ित महिलाओं को अंतरिम प्रतिकार पाने का अधिकार, 6 से 14 साल के बालक- बालिका को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था इसमें शामिल किया गया।[7]

अनुच्छेद 23 मे मानव के दुव्यापार एवं बलात श्रम का निषेध किया गया है। जिसके तहत मनुष्य एवं स्त्रियों को जानवरों की तरह क्रय-विक्रय नहीं किया जा सकता तथा स्त्रियों एवं बालकों के साथ अनैतिक व्यापार, दास प्रथा, बलात श्रम, बंधुआ मजदूर जैसे व्यवस्था को प्रतिबंधित की गई है[8] बलात श्रम को मानव की प्रतिष्ठा एवं गौरव पर आघात बताते हुए इसे प्रतिबंधित किया गया है।

भारतीय संविधान के भाग 4 में उल्लेखित नीति निदेशक तत्व, जिसका उद्देश्य समाज में सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र की स्थापना करना है, के माध्यम से कई विशेष प्रावधान महिलाओं के लिए की गई है।[9]

अनुच्छेद 39 (क) के अनुसार महिला पुरुष सभी नागरिकों को एक समान रूप से जीविका उपार्जन के साधन उपलब्ध कराना।

अनुच्छेद 39(ख) के तहत महिला पुरुष मजदूरों के स्वास्थ्य एवं शक्ति का तथा बालकों के शिवकुमार अवस्था का दुरुपयोग ना हो एवं आर्थिक आवश्यकता से विवश होकर नागरिकों को ऐसे रोजगार में ना जाना पड़े जो उनकी उम्र और शक्ति के प्रतिकूल हो।

अनुच्छेद 42 के तहत गर्भवती महिलाओं की सहायता के लिए प्रसूति सहायता उपबंध की व्यवस्था की गई है। जिसके तहत महिलाओं को अवकाश प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।

अनुच्छेद 44 के तहत एक समान नागरिक संहिता स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा ताकि स्त्री पुरुष में किसी तरह का भेदभाव ना हो सके।[10]

1992 ईस्वी में संविधान के 73 में एवं 74 में संवैधानिक संशोधन के माध्यम से स्थानीय स्वशासन ग्रामीण एवं शहरी दोनों में महिलाओं के लिए 33% सीट आरक्षित करने का प्रावधान किया गया वर्तमान समय में महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाकर 50 फ़ीसदी कर दिया गया।[11] इससे महिलाओं के लिए राजनीतिक, आर्थिक सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है। महिलाओं के लिए राष्ट्रीय आयोग अधिनियम 1990 के तहत राष्ट्रीय महिला आयोग का भी गठन किया गया है।[12]

संविधान के द्वारा महिलाओं को पुरुष के समकक्ष लाने के लिए कर संवैधानिक प्रावधान करने तथा कई कानून बनाए जाने के बाद भी महिलाओं के साथ शोषण तथा भेदभाव आज भी जारी है आज भी महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो सकी है महिलाएं पुरुषों को आर्थिक सुरक्षा मुहैया कराने में असफल रहा है। पैतृक संपत्ति में स्त्रियों को समान अधिकार अधिनियम 2005 लागू होने के बाद भी व्यवहारिक जीवन में इसका अनुपालन नहीं हो पा रहा है ।

आज भी महिलाएं निर्बल एवं असहाय है। इसके लिए महिला सशक्तिकरण की जरूरत महसूस हो रही है। सरकार इसके स्थिति सुधारने के लिए लगातार प्रयासरत है साथ ही सरकार की विभिन्न एजेंसियां एवं सरकारी तथा गैर सरकारी संगठन महिलाओं की दशा और दिशा बदलने के लिए सार्थक पहल कर रही है।

गैर सरकारी संगठन (एन. जी. ओ.) :-

गैर सरकारी संगठन से आशय लोगों के वैसे संगठित समूह से होता है जो औपचारिक स्वचालित होता है अथवा सदस्य नियम व विनियम से बंधे होते हैं । यह संगठन समाज और राष्ट्र मैं विकासात्मक एवं कल्याणकारी कार्य को करते हैं ऐसे संगठनों के कुछ अपने मुख उद्देश्य एवं मूल्य होते हैं जिसके माध्यम से समाज में व्यापक बदलाव लाने के लिए लगातार प्रयास से रहते हैं। लॉर्ड बेवरिज गैर सरकारी संगठन को परिभाषित करते हुए कहा की "गैर सरकारी संगठन एक ऐसा संगठन होता है जिसका आरंभ एवं प्रशासन इसके सदस्यों के द्वारा किसी बाढ़ नियंत्रण के बिना किया जाता है चाहे इसके कार्यकर्ता वैतनिक हो अथवा अवैतनिक हो।"[13] मोटे तौर पर हम कर सकते हैं की "गैर सरकारी संगठन एक वैधानिक सरकार से स्वतंत्र एक ऐसा संगठन है ।जो सार्वजनिक हितों के उद्देश्य को आगे बढ़ाता है। जिसका लक्ष्य लाभ कमाना नहीं होता है। जिसका वित्त पोषण प्राय पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से सरकार से प्राप्त धनराशि से होता है और जो सरकारी प्रतिनिधियों से दूरी बनाते हुए अपना घर सरकारी स्वरूप बनाए रखते हैं।"

जनकल्याण एवं समाज सेवा भारत की प्राचीन परंपरा रही है। इस परंपरा को आगे बढ़ाने में गैर सरकारी संगठन अहम भूमिका निभा रही है। जरूरतमंदों को सहयोग प्रदान करना, प्राकृतिक विपदा के शिकार लोगों को मदद पहुंचाना, महिला, दलित, पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए विभिन्न तरह के सशक्तिकरण संबंधी कार्यक्रम चलाना,समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के प्रति जागरूकता लाना, शिक्षा ,स्वास्थ्य, पर्यावरण आदि के प्रति जागरूकता

लाना, महिलाओं की क्षमता निर्माण, आय के साधनों का विकास, निर्धन ग्रामीण महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने ,उनके कौशल अभिवृद्धि एवं उन्नयन हेतु महिलाओं को विभिन्न तरह का प्रशिक्षण एवं रोजगार कार्यक्रम चलाना जैसे महिलाओं को कृषि से जोड़ने ,पशुपालन, डायरी ,मत्स्य पालन ,खादी एवं ग्रामोद्योग,हथकरघा ,हस्तशिल्प ,सामाजिक वानिकी आदि परंपरागत क्षेत्र में दक्षता एवं कौशल उन्नयन हेतु प्रशिक्षण उपलब्ध कराना ताकि ग्रामीण महिलाओं की उत्पादकता एवं आय में वृद्धि हो सके साथ ही राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए

अपने हक और अधिकार के प्रति जागरूकता प्रदान करना तथा स्थानीय स्वशासन में सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना।[14] वही सामाजिक सुविधाओं की उपलब्धता, राजनीतिक एवं आर्थिक नीति निर्धारण में भागीदारी ,समान कार्य के लिए समान वेतन, कानून के तहत सुरक्षा अधिकार आदि प्रदान करवाने में इन दिनों गैर सरकारी संगठन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। महिला सशक्तिकरण से आशय स्त्रियों को पुरुषों के बराबर संवैधानिक, राजनीतिक ,सामाजिक, आर्थिक आदि क्षेत्रों में उनके परिवार, समाज, राष्ट्र की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि में निर्णय लेने की आजादी से है।[15]

महिला सशक्तिकरण के माध्यम से महिलाओं में आत्मविश्वास और स्वाभिमान जागृत हुई है। पुरुष और महिलाएं के बीच जो विभेद की खाई चौड़ी थी। वह धीरे-धीरे कम हो रही है। इस दिशा में महिलाओं में शिक्षा का प्रसार प्रचार, अपने हक और अधिकार के प्रति जागरूक होने, आर्थिक क्षेत्र में सशक्त होने, राजनीतिक क्षेत्र में अपनी बेहतरीन उपस्थिति दर्ज करा कर अपनी अबला होने की पुरानी मान्यताओं को समाप्त करने की दिशा में उठाए गए कदम शामिल है। जिसमें सरकार के विभिन्न संस्थाओं के अलावे गैर सरकारी संगठनो के अहम योगदान है।

जीवन–मूल्य व हिंदी साहित्य का अंतसंबंध

प्रमोद कुमार

सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग,

सरिया कॉलेज, सरिया

कोई भी साहित्य निरुद्देश्य नहीं लिखा जाता। जहाँ तक हिंदी साहित्य की बात है तो इसके अंतर्गत आने वाले कवि, कथाकार, नाटककार, निबंधकार आदि सभी किसी न किसी प्रयोजन से ही रचनाएँ करते हैं। साहित्य के मूल स्वभाव में जगत तथा जन–कल्याण की कामना अंतर्निहित रहती है। जीवन–मूल्यों के आधार ग्रहण किए बिना मानव–जीवन की अर्थवत्ता व साहित्य की सार्थकता सिद्ध नहीं हो सकती, क्योंकि साहित्य का मूल प्रयोजन मानवीय जीवन ही होता है। भारतीय चिंतकों ने जीवन–मूल्यों की चर्चा साहित्य के संदर्भ में की है। मूल्य अथवा जीवन–मूल्य की चिंता तो रचना–कर्म में अनिवार्य रूप से होती है। समय और समाज में परिवर्तन स्वभाविक है। परिस्थिति के अनुसार भले ही मूल्यों का स्वरूप बदलता रहा है, फिर भी प्राचीन युग के काव्यों से लेकर आधुनिक रचनाओं में मूल्यों की स्थापना अवश्य हुई। यह भी सत्य है कि हिंदी साहित्य में मूल्य–चर्चा देश और समाज के संदर्भ में होता रहा है।

साहित्य में जहाँ 'हित की भावना' का होना अनिवार्य है, वहीं जीवन–मूल्य में इसे प्रतिष्ठित करना निहित है। इसी हित की भावना से साहित्यकार अपने साहित्य में समाज का सच्चा चित्र उकेरकर एक नई दृष्टि प्रदान करता है। दयानिधि मिश्र के अनुसार, ''साहित्य अपने मूल स्वभाव से सहकार या कहें जोड़ने और जुड़ने की प्रक्रिया को व्यक्त करता है और भारतीय दृष्टि के अनुरूप जगत के कल्याण की कामना (शिवेतरक्षति) उसमें अंतर्निहित रहती है। इस तरह मूल्य की चिंता रचना–कर्म से स्वाभाविक रूप से जुड़ी रहती है।''[1] अगर साहित्य की आधारभूमि जीवन है तो जीवन–मूल्य इसके वैभव के स्थायी आधारभूत तत्व हैं। डॉ० रामविलास शर्मा सहित्य और जीवन–मूल्यों के बीच संबंध की पुष्टि करते हुए कहते हैं– ''साहित्य तत्कालीन सामाजिक जीवन में भाग लेने, उसकी समस्याएं तय करने आदि की प्रेरणा देता है, साथ ही उसका व्यापक प्रभाव मनुष्यों के संस्कारों के निर्माण में देखा जा सकता है।''[2] उन्होंने यह भी लिखा है..... साहित्य के मूल्य जीवन–मूल्यों से ही निर्धारित होते हैं, साहित्यकार केवल उन्हें नयी भाव–मूर्तता प्रदान करके ग्राह्य और सर्वजन संवेद्य बना देता है, जिससे उसकी कृति मनुष्य की चेतना और उसके आचरण को नियंत्रित करने वाली सहज प्रवृत्तियों को अधिक संस्कृत और अपने सामाजिक परिवेश के प्रति अधिक जागरूक बनाती है– युग–युगांतर तक।''[3]

एक प्रकार से साहित्यिक वैभव के स्थायी आधारभूत तत्व जीवन–मूल्य ही होता है। साहित्य और जीवन–मूल्य के शाश्वत संबंध की पुष्टि करते हुए मुंशी प्रेमचंद ने लिखा है– ''साहित्य का प्रयोजन मनोरंजन जरूर है, पर यह मनोरंजन वह है, जिसमें हमारी कोमल और पवित्र भावनाओं को प्रोत्साहन मिले, हम में सत्य, निस्वार्थ सेवा, न्याय आदि देवत्व के जो अंश हैं वे जाग्रत हों.... मनुष्य जिस समाज में रहता है, उसमें मिलकर रहता है, जिन मनोभावों से वह अपने मेल के क्षेत्र को बढ़ा सकता है, वही सत्य है। जो वस्तुएँ भावनाओं के इस प्रवाह में बाधक होती हैं, वे सर्वथा अस्वाभाविक हैं, परंतु यदि स्वार्थ, अहंकार और ईर्ष्याओं की ये बाधाएँ न होतीं तो हमारी आत्मा के विकास को शक्ति कहाँ से मिलती? शक्ति तो संघर्ष में है। हमारा मन इन बाधाओं को परास्त करके अपने स्वाभाविक कर्म को प्राप्त करने की सदैव चेष्टा करता रहता है। इसी संघर्ष में साहित्य की उत्पत्ति होती है। यही साहित्य की उपयोगिता भी है।''[4]

चूँकि साहित्य का जन्म समाज में होता है। जीवन रूपी श्रृंखला में व्यक्ति और समाज दोनों परस्पर जुड़े हैं, जिसकी व्याख्या साहित्य करता है। युगीन यथार्थ को अनुभूत करने में साहित्यकार की पैठ व अंतर्दृष्टि विशेष महत्व रखती है। इस गहरी पैठ से ही मनुष्य व समाज की यथार्थ की पकड़ भी सरल होती जाती है। साहित्यकार जीवन की जटिलता–संश्लिष्टता के क्रम में चेतना के अनेक स्तरों से गुजरकर ही जीवन–मूल्यों एवं उसके विकास की संभावनाओं पर चिंतन करता है। युगीन विचारधाराओं, जीवन दर्शन आदि के ज्ञान बिना साहित्य में यह बदलाव संभव नहीं। डॉ० रामगोपाल सिंह के अनुसार, ''जीवन–मूल्यों के इस नए संस्कार और कल्प की गति को साहित्यकार उस समय तक अपने साहित्य में मूर्तिमत्ता नहीं दे सकता जब तक कि उसे युग की विचारधाराओं, जीवन दर्शन और जीवन के विकास के लक्ष्य और उसकी गति का ज्ञान न हो।''[5] साहित्य में मूल्य ज्यों का त्यों वर्णित नहीं किए जाते बल्कि उन्हें 'कान्ता–सम्मत' ढंग से, रमणीयता के साथ पुनर्सृजित किया जाता है। इसी कारण साहित्य में पाठक–वर्ग के जीवन की व्यापकता को गहराई से प्रभावित करने की क्षमता होती है। यूं कहें तो, साहित्य पाठकों में जीवन–मूल्यों की चेतना को जाग्रत करने, उन्हें जीवन में उतारने की प्रेरणा देने और जीवन–स्थितियों के परिष्कार एवं परिवर्तन में सहायता करता है। साहित्य के प्रतिष्ठित मूल्यों ने समाज को व्यापकता एवं अत्यंत गहराई से प्रभावित किया है जिसका प्रमाण किसी भी देश के साहित्य के इतिहास के अध्ययन में मिल सकता है। एक प्रकार से कहें तो इन्हीं प्रभावों के कारण समाज में बदलाव की प्रक्रिया तेज हो रही है। साहित्यकार जब अपने सृजन में विभिन्न विचारकों एवं चिंतकों की विचार–दृष्टियों, जीवन–दर्शन को कलात्मकता एवं रमणीयता के साथ जीवन–यथार्थ को जोड़कर भावपरक–संवेदनात्मक रचना रचता है तो इसके मूल में समाज–सुधार, देशोत्थान एवं जीवन–दर्शन के सिद्धांत एवं दर्शन का प्रतिपादन–भाव भले ही हो, किंतु उसका प्रभाव मूलतः भावपरक संवेदनात्मक एवं सृजनात्मक ही होता है।

हिंदी साहित्य के इतिहास में आदिकाल से लेकर आधुनिक काल तक अर्थात् आदिकाल, भक्तिकाल, रीतिकाल और आधुनिक काल में विभिन्न कवियों व लेखकों ने जीवन–मूल्यों को केंद्र में रखकर ही साहित्यिक रचनाएँ की हैं। साहित्य देशकाल की सीमा को लांघ कर विश्व मानव–कल्याण से ही अपनी श्रेष्ठता प्रदर्शित करता है। कबीरदास, तुलसीदास, प्रेमचंद, गोर्की, शेक्सपियर, कालिदास आदि साहित्यकारों ने देश–काल की सीमा से ऊपर उठकर विश्व मानव के कल्याण में कई रचनाएं दी हैं। रामायण, महाभारत, रामचरितमानस, गीतांजलि, गोदान आदि कृतियां भारतीय हिंदी साहित्य की अमूल्य धरोहर हैं।

प्राचीन भारतीय साहित्य में 'काव्य' शब्द का प्रयोग मिलता है, जिसे संस्कृत के आचार्यों ने साहित्य के अर्थ रूप में उल्लेख किया है। इस साहित्य का आरंभिक रूप पद्यात्मक अर्थात् काव्य ही है जो कहीं न कहीं वेद के रूप में ही देखने को मिलता है। भारत में मूल्यों के प्रमुख स्रोत में वेद का महत्वपूर्ण स्थान है। यहीं से भारतीय साहित्य का आरंभ होता है। कालान्तर में पुराण, महाकाव्य काल में रामायण और महाभारत ने इस देश में मूल्यों को प्रतिष्ठित व प्रतिपादन किया। राम का आदर्श चरित्र, सीता का पतिव्रत धर्म, हनुमान का सेवाभाव, भरत का भ्रातृप्रेम आज भारतीय समाज ही नहीं अपितु विश्व में भी अनुकरणीय है। भारतीय साहित्य में 'महाभारत' एक अनुपम रत्न है जो आकार, विशालता व प्रभाव की दृष्टि से यह विश्व साहित्य में अतुलनीय है। मूल्यबोध की दृष्टि से तो यह वर्तमान जीवन के अधिक निकट है। 'महाभारत' सामाजिक, राजनीतिक, नैतिक, धार्मिक, मानव–मूल्यों आदि का अनुपम धरोहर है। भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के इतिहास में 'रामायण' और 'महाभारत' साहित्यिक कृतियाँ ही नहीं बल्कि युगान्तकारी परिवर्तन की वाटिका है। निःसन्देह ये दोनों ग्रन्थ युगों–युगों तक मूल्यबोध के प्रेरक स्रोत रहेंगे क्योंकि इसमें मानव जीवन के विविध पक्षों व स्वरूपों का उद्घाटन हुआ है। एक प्रकार से कहें तो भारत में जिन मूल्यों को श्रेष्ठ माना गया है, उन सबका आधार ग्रन्थ महाभारत ही है। गीता में इसे समन्वय मार्ग मानकर मानव मुक्ति का प्रमुख साधन माना गया है।

इस प्रकार काव्य में जीवन–मूल्यों की प्रतिष्ठापन की एक सुदीर्घ परंपरा रही है। साहित्य की अन्य विधाओं की तुलना काव्य में जीवन–मूल्यों का निर्वहन अधिक होता है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने अपने निबंध 'कविता क्या है' में कहा है– ''कविता ही हृदय को प्रकृत दशा में लाती है और जगत के बीच क्रमशः उसका अधिकाधिक प्रसार करती हुई उसे मनुष्यत्व की उच्च भूमि पर ले जाती है। भावयोग की सबसे उच्च कक्षा पर पहुँचे हुए मनुष्य का जगत् के साथ पूर्ण तादात्म्य हो जाता है, उसकी अलग भाव सत्ता नहीं रह जाती, उसका हृदय विश्व हृदय हो जाता है। उसकी अश्रुधारा में जगत् की अश्रुधारा का, उसके हास–विलास में जगत् के आनंद–नृत्य का, उसके गर्जन–तर्जन में जगत् के गर्जन–तर्जन का आभास मिलता है।''[6] काव्य रचना अन्य विधाओं के अपेक्षा मानव की अतिप्राचीन प्रवृत्ति रही है। अन्य साहित्यिक विधा तो आधुनिक काल की देन है। एक प्रकार से कहें तो प्राचीन साहित्य में काव्य की तुलना में अन्य विधाओं में सृजन कर्म नगण्य होता था। आचार्य शुक्ल ने कविता को मनुष्य जाति के साथ लगी चली आने का उल्लेख करते हुए लिखा है।

''मनुष्य के लिए कविता इतनी प्रयोजनीय वस्तु है कि संसार की सभ्य–असभ्य सभी जातियों में किसी न किसी रूप में पाई जाती है। चाहे इतिहास न हो, विज्ञान न हो, दर्शन न हो, पर कविता का प्रचार अवश्य रहेगा। बात यह है कि मनुष्य अपने ही व्यापारों का ऐसा सघन और जटिल मण्डल बाँधता चला आ रहा है जिसके भीतर बँधा–बँधा वह शेष सृष्टि के साथ अपने हृदय का संबंध भूला–सा रहता है। इस परिस्थिति में मनुष्य को अपनी मनुष्यता खोने का डर बराबर रहता है। इसी से अंतः प्रकृति में मनुष्यता को समय–समय पर जगाते रहने के लिए कविता मनुष्य जाति के साथ लगी चली आ रही है और चली चलेगी। जानवरों को इसकी जरूरत नहीं।''[7]

वैसे तो हिंदी साहित्य के अंतर्गत अनेक विधाएं आती हैं जैसे– काव्य (प्रबंध काव्य अर्थात् महाकाव्य, खंडकाव्य एवं मुक्तक काव्य) नाटक और गद्य (गद्य–काव्य, उपन्यास, कहानी, निबंध, जीवनी, संस्मरण, आत्मकथा, पत्र, डायरी, यात्रा–वृतांत, रिपोर्ताज आदि) हैं। यदि साहित्य और जीवन–मूल्यों की बात करें तो इसका अभिप्राय साहित्य की सभी विधाओं से है। साहित्य की सभी रचनाओं अथवा विधाओं में उनकी अपनी शैलीगत विशिष्टता होती है जिसके अनुरूप जीवन–मूल्य प्रतिष्ठित होते हैं। साहित्य व जीवन के मूल्य में संबंध को स्पष्ट करते हुए बाबू गुलाब राय कहते हैं– ''साहित्य के मूल्य जीवन के मूल्यों से भिन्न नहीं है। अतः यह बात सर्वमान्य है कि जिसका जीवन में मूल्य है उसका साहित्य में भी मूल्य है।'[8]

साहित्य और जीवन–मूल्य के अंतर्संबंध में यह कहना उचित होगा कि साहित्य के मूल्य मानव के जीवन व समाज के मूल्यों के समानांतर चलते हैं। सबसे पहले समाज में मूल्यों का निर्माण होता है, फिर साहित्यकार परिवेश के संदर्भ में स्वयं की दृष्टि के अनुसार उन मूल्यों का परीक्षण करता है। साहित्यकार इन परीक्षित मूल्यों को अपनी रचना में न केवल संजोता है, अपितु आवश्यकता के अनुरूप उन्हें संशोधित व समृद्ध भी करता है। स्पष्ट है कि मूल्य साहित्य एवं समाज के बीच तारतम्यता एवं संगति का निर्वहन करते हैं। इस प्रकार साहित्यकार के सृजन को सामाजिक जीवन के व्यावहारिक धरातल पर अर्थवत्ता प्राप्त होती है। अतः कहा जा सकता है कि साहित्य में स्थान प्राप्त युगीन मूल्य भले ही वर्गीय ही क्यों न हो, किंतु प्रत्येक महत्वपूर्ण साहित्य अपने समय के मूल्यों से अनुप्राणित व ओत–प्रोत होता है।

Dimensions of Socio Economic Development of Tribes

Asit Diwakar
Assistant Professor
Dept. of Geography

The presence of various tribes in the Indian society is our cultural heritage. The search of modern era is based on consumerism, but in the context of primitive history, study of primitive tribal is also the need of modern society. This primitive tribal tribe lives in the forests, the forest is their life and is far away from the glare of modernity. Sometimes it seems that this tribe is made for living a heady life in its wild environment.

The development of the tribal community Is the priority of the government, the cooperation of all the communities is necessary for the overall development of the country, the overall development of the country cannot be done by leaving any one community. History is witness to the fact that many human species of the world took the step of development together, out of which some human species did their development in a sophisticated way and came into the modern species. But in the modern era, many primitive castes have become extinct or are on the verge of extinction, but Indian primitive tribes have kept themselves alive even in adverse circumstances, which is the main feature of Indian tribes.

During the time of subjugation, when the British encroached on their places of residence, these simple tribals fought against the British power with their traditional weapons (arrows, bows, spears). The "Birsa Gunda" tribal community took the lead in the freedom struggle and showed their adventurous nature. These tribals and tribes have been companioning for centuries between forests, rivers, streams and wild animals. If someone encroaches on their areas, even these simple tribals get furious. These tribal communities who have been living in forests for centuries.

There is no special competition for socio-economic development among the tribes that is why there is no developmental change in this community even after centuries. This tribe is happy or prosperous only in its family and society. It seems that they do not want to meet the people of other community or society, and if any sociologist wants to study about it, then they do not know about their history or do not want to tell anything about themselves. . At present these tribes are extremely backward, poor, destitute and alienated from the mainstream.

There has always been such a huge group of farmers, Dalits, women, tribals and tribes in the Indian society, who have always been deprived of social, economic, political and government schemes and have been averse to development. At first, the government did not make any special plan for the development of these deprived groups, and if at present a plan is made to connect these groups with the main stream, then these groups are not able to take proper advantage of the government schemes.

The Government has formulated a strategy for the overall development and welfare of the tribal people across the country through various interventions which provide necessary support for education, health, sanitation, water supply, livelihood etc. to improve their economic, educational and social conditions. Takes care The bulk of the development activities are carried out through various schemes/programmes of the respective Central Ministries and State Governments, while the Ministry of Tribal Affairs supplements these initiatives by bridging important gaps.

The erstwhile Planning Commission had Issued revised guidelines during 2014 for the implementation of the Tribal Sub-Plan (TSP) by the States/UTs and Ministries/Departments of the Central Government keeping in view the overall development of the tribal people.

Government from time to time identifies loopholes in policy and implementation and makes recommendations to correct or effectively implement programs to benefit the target group.

झारखण्ड़ की राजनीति क्षेत्रिय दलों की भूमिका का विश्लेषणत्मक अध्ययन

अशीष कुमार सिंह
सहायक प्राध्यपक
राजनीतिक विभाग

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में दलीय व्यवस्था आवश्यक है, जिसमें क्षेत्रीय दलों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि ये दल ही क्षेत्रीय मुद्दों को जोर–शोर से उठाते है और पूरे देश का ध्यान आक्रर्षित कर उसके निर्वारण के लिए प्रयासरत रहते है। भारत में क्षेत्रीय दलों का इतिहास बहुत पुराना है भारत की विविधता क्षेत्रीय दलों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। पंजाब, कश्मीर, तमिलनाडु में क्रमशः अकालीदल, मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जस्टिस पार्टी का गठन हुआ जो अपनी अलग पहचान रखती थी। भारत एक लोकतांत्रिक देश है जिसकी व्यवस्था जनता के द्वारा जनता के हित में बनाया जाता है।

भारत में संघीय शासन में संघ के द्वारा जो नीतियां और कार्यक्रम बनाए जाते हैं वो राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर बनाया जाता है। जिसके कारण क्षेत्रीय समस्याएं था तो उपेक्षित रह जाती हैं या उस पर कम ध्यान दिया जाता है। जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्रीय दलों का उदय होता है। यही कारण है कि भारत में लगभग सभी प्रांतों में क्षेत्रीय दल देखने को मिलता है। कुछ प्रांतों में क्षेत्रीय दल इतने मजबूत स्थिति में है जिसके सामने राष्ट्रीय दलों का कोई वर्चस्व नहीं है। बी. एल. फाडिया अपनी पुस्तक में 'भारतीय राजव्यवस्था और संविधान' में लिखते हैं– ''राज्यस्तरीय अथवा क्षेत्रीय दलों का अर्थ उस राजनीतिक दल से लगाया जा सकता है। जिसका प्रभाव किसी विशेष राज्य तक सीमित है। उन दलों का दृष्टिकोण राष्ट्रहित में गौण तथा राज्य क्षेत्रीय हित में अधिक होता है।'' लोकतांत्रिक शासन प्रणाली में क्षेत्रीय दलों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि यह दल न तो केवल क्षेत्रीय मुद्दों की तरफ ध्यान आकर्षित करती है बल्कि उसके समाधान के लिए प्रयासरत भी होती है। भारत में बहुदलीय व्यवस्था अपनाई गई है जिसके कारण कई क्षेत्रीय दलों का उदय हुआ है। राष्ट्रीय दल की संख्या तो कभी छः तो कभी सात रही, लेकिन क्षेत्रीय दलों की संख्या में बेहतासा वृद्धि होती रही हैं।

झारखंड के राजनीतिक में क्षेत्रीय दलों का प्रभुत्व शुरू से रहा है। यहां अधिकांश निर्वाचन क्षेत्रों से क्षेत्रीय एवं पंजीकृत दलों के उम्मीदवार विजयी होते रहे हैं, जिसके कारण कोई स्थिर सरकार नहीं बन पाई। झारखंड गठन के 15 वर्षों में 10 मुख्यमंत्री बने, जिसके कारण विकास की प्रक्रिया उस गति से नहीं बढ़ पायी जिस गति से बढ़ना चाहिए, झारखंड गठन के बाद भी क्षेत्रीय दलों का विकास हुआ जो यहां की संसदीय राजनीति को प्रभावित करती है। झारखंड गठन के बाद सन 2000 ई. 2022 ईस्वी तक की जितनी भी सरकारें बनी है उन सरकारों में क्षेत्रीय दलों का प्रभाव देखा गया। झारखंड के मुख्य क्षेत्रीय एवं पंजीकृत दलों में झारखंड मुक्ति मोर्चा, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू), झारखंड विकास मोर्चा (प्रजातांत्रिक), जनता दल यूनाइटेड, राष्ट्रीय जनता दल, मार्क्सवादी समन्वय समिति,नवजावन संघर्ष मोर्चा, जय भारत समानता पार्टी, झारखंड दिमोश पार्टी, झारखंड पार्टी (नरेन) झारखंड पीपुल्स पार्टी, जनता पार्टी, झारखंड वनांचल कांग्रेस सदान विकास पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी, आदि पार्टियों है जो झारखंड की संसदीय राजनीति की दशा और दिशा तय कर रही हैं। इसके अलावा अन्य राज्यों के क्षेत्रीय दलों ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक, ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस, जनता दल सर्कुलर राष्ट्रीय लोकदल समाजवादी पार्टी भी झारखंड की संसदीय राजनीतिक में अपना प्रभाव रखती हैं।

झारखंड गठन के साथ ही पहली सरकार गठबंधन सरकार थी जिसमें राष्ट्रीय दल भारतीय जनता पार्टी के 33 विधायकों के साथ क्षेत्रीय एवं पंजीकृत दल समता पार्टी के 5 विधायक, जनता दल के 3 विधायक, आजसू समर्पित गोमांतवादी डेमोक्रेटिक पार्टी के 2 विधायक, झारखंड वनांचल कांग्रेस के 2 विधायक, के सहयोग सरकार बनी थी। झारखंड के संसदीय राजनीति का इतिहास रहा है कि यहां अभी तक जितनी भी सरकारें बनी वह गठबंधन सरकार थी। इस गठबंधन सरकार में क्षेत्रीय दलों का ही प्रभुत्व रहा है। क्षेत्रीय दलों ने अपनी इच्छा से सरकार चलाने एवं गिराने की भूमिका में देखा गया। झारखंड की सांस्कृतिक एवं जातीय बहुलता के कारण राष्ट्रीय दलों के अलावा कई क्षेत्रीय दलों का उदय हुआ। ये दल झारखंड की राजनीति को प्रभावित करती हैं यही कारण है कि गठन के 22 वर्ष पूरा होने के साथ 11 मुख्यमंत्री देखने को मिले। 2005 ईस्वी में झारखंड गठन के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव हुए। इस चुनाव भारतीय जनता पार्टी 30 सीटें, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस 9 सीटें, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी 1 सीट जीती। वहीं क्षेत्रीय दलों में झारखंड मुक्ति मोर्चा के 17 सीटें जीती। जनता दल यूनाइटेड 6 सीटें, राष्ट्रीय जनता दल 7 सीटें, भाकपा माले 1 सीट ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक 2 सीट, यूनाइटेड गोमांतक डेमोक्रेटिक पार्टी 2 सीट जीतकर क्षेत्रीय दलों का महत्व झारखंड की राजनीतिक में बढ़ा दी। भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर भी सरकार का गठन नहीं कर पायी और शिबू सोरेन के नेतृत्व में क्षेत्रीय दलों की सरकार बनी। यह सरकार भी अपनी कार्यकाल पूरा नहीं कर सकी और मात्र 10 दिनों में आपसी मतभेद के कारण गिर गयी। पुनः अर्जुन मुंडा के नेतृत्व में क्षेत्रीय दलों के सहयोग से सरकार का गठन किया गया क्षेत्रीय दलों का प्रभाव ही था कि अर्जुन मुंडा सरकार भी मात्र 6 माह 7 दिन में गिर गयी और भारत के संसदीय इतिहास में दूसरी बार किसी राज्य में निर्दलीय सदस्य को मुख्यमंत्री बनाया गया। मधु कोड़ा (निर्दलीय) ने कांग्रेस एवं अन्य क्षेत्रीय दलों के सहयोग से नई सरकार के गठन की, लेकिन मधु कोड़ा सरकार ने भी अपना कार्यकाल नहीं किया। झामुमो के समर्थन वापसी के कारण अगस्त 2008 ईस्वी को इसकी सरकार गिर गयी। पुनः शिबू सोरेन के नेतृत्व में 27 अगस्त 2008 ईस्वी को एक नई सरकार का गठन किया गया जो 18 जनवरी 2009 ईस्वी को गिर गई और राज्य में पहली बार राष्ट्रपति शासन लागू किया गया। राष्ट्रपति शासन के समय ही 2009 ईस्वी में राज्य में विधानसभा के चुनाव हुए इस चुनाव में भी क्षेत्रीय दलों के प्रभाव को देखा जा सकता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 18 सीटें, आजसू 5 सीटें, भाकपा माले 1 सीट, जय भारत समानता पार्टी 1 सीट, जदयू 2 सीट, झारखंड विकास मोर्चा 11 सीट, राष्ट्रीय जनता दल 5 सीट, जीती। 2009 ईस्वी के चुनाव परिणाम ने झारखंड के संसदीय राजनीतिक में क्षेत्रीय दलों की महत्व को बढ़ा दिया।

इन क्षेत्रीय एवं पंजीकृत दलों ने कुल सीटों का 58% सीटों पर विजय हासिल की और झारखंड की राजनीति को अपने नीतियों एवं सिद्धांतों पर चलने का विवश किया। इस चुनाव के बाद जो भी सरकार आई उनमें क्षेत्रीय दलों प्रभाव को देखा जा सकता है। पुनः 2011 ईस्वी में विधानसभा चुनाव हुए। इस चुनाव में भी क्षेत्रीय दलों के प्रभाव को देखा जा सकता है झामुमो 17 सीट जीती तो आजसू ने 5 सीटें, भाकपा माले 1 सीट, झारखंड विकास मोर्चा 8 सीट, इस प्रकार क्षेत्रीय दलों ने कुल 43% सीटों पर विजय हासिल किया। झारखंड के राजनीतिक में क्षेत्रीय दलों का प्रभुत्व शुरू से ही रहा है। यहां अधिकांश निर्वाचन क्षेत्रों से क्षेत्रीय एवं पंजीकृत दलों के उम्मीदवार विजय होते रहें, जिसके कारण कोई स्थिर सरकार नहीं बन पायी। झारखंड गठन के 15 वर्षों में 10 मुख्यमंत्री बने जिसके कारण विकास की प्रक्रिया उस गति से नहीं बढ़ पाई जिस गति से बढ़ने चाहिए।

माँ

जब अकेला रहा तो उसकी याद आयी,

अँधेरे में था तो उसकी याद आयी।

जब भूख लगी तो उसकी याद आयी

नींद नहीं आयी तो उसकी याद आयी।

सोचने में कितनी आसान लगती थी ये जिंदगी

जब खुद से जीना सीखा तो उसकी याद आयी।

तभी भी लगा की माँ इतनी मतलब कैसे हो सकती है

हमसे भी ज्यादा हमारे लिए कैसे सोच सकती है।

लेकिन सच तो ये है कि वो माँ ही होती है

जो हमारा पेट भरकर खुद भूखा सोती है।

Abhishek Kumar
Semester-II
Hons. Economics

सारे जहां सें

कभीं अपनी हंसी पर आता हैं गुस्सा।

कभीं सारें जहा की हसाने को दिल करता हैं।।

कभीं छुपा लेतें हैं गम की दिल कें किसीं कोनें मे।

कभीं किसी को सब कुछ सुनानें का दिल करता हैं।।

कभीं रोते नहीं लाख दुख आने पर भी।

और कभीं यू ही आंसू बहाने कों दिल करता हैं।

कभीं अच्छा सा लगता हैं आजाद घूमना, लेकिन

कभीं किसी की बाहो मे सिमट जाने को दिल करता हैं।।

कभीं कभीं सोचते हैं नया हों कुछ जिन्दगी मे।

और कभीं बस ऐसें ही जियें जाने को दिल करता हैं।।

Rakhi Kumari
Semester-II
Hons.-English

गुजरे जमाने

ना जाने क्यों अब लोगों के चेहरे शर्म से गुलाबी नहीं होते ना जाने इंसान अब क्यों नस्तमौला मिजाज नहीं होते। सुना है पहले दिल की बात समझ लिया करते थें। गले लगते ही दोस्त हलात समझ लिया करते थे। तब न फेसबुक और न स्मार्टफोन ना ही व्हाट्सएप और ना इंटरनेट की सुविधा थी। लोग बस चिट्ठी से एक दुसरे के जज्बात समझ लिया करते थे।

जब एक भाई दुसरे भाई से समाधान कहाँ पूछता है। बेटा बाप से उलझनों का निदान कहां पूछता है। बेटी नहीं पूछती माँ से गृहस्थी के सलीके, अब गुरू के चरणों में बैठ कर ज्ञान की परिभाषा कौन सिखता है। परियों की बातें अब किसकों भाती है, अपनों की याद अब किसको रूलाती है।

Vikash Paswan
Semester-IV
Hons. -Hindi

जमीन पर जन्नत

जन्नत का जमीं पर ही निर्माण कर लिया
जिस जिस ने भी खुद को इन्सान कर लिया
उठाकर किसी गरीब लाचार को जमी से
खुद को जमीं से ऊंचा आसमां कर लिया
आ मानव तुझे तो बनाकर भेजा था भगवान् जमीं का
क्यू तूनें खुद को शैंतान सा बेईमान कर लिया

कोंसते रहते है लोग हर वक्त दूसरो की शौहरतो को
अच्छें भले जन्नत से जिस्म को शम्शान कर लिया

पाल लिया समझो उसने एक नर्क अपनें भीतर
जिस जिस ने भी अपनी कामयाबियो पर गुमान कर लिया

करकें हर अपने पराए की दिल से मदद
मुश्किल जीवन को हमनें बडा आसान कर लिया

जब भी करना चाहा बेदर्द तकदीर ने हम पर वार
हमनें किसी मासूम बालक सा खुद को नादां कर लिया

हटाता गया मालिक उसकी राह से हर कान्टे को
जिस जिस ने खुद को उसकी खातिर परेशान कर लिया

करकें किसी संगदिल सनम से इश्क का इजहार
हमनें ठीक ठाक चलती सांसों को तूफान कर लिया

नहीं बैंठती सरस्वती माँ फिर कभी उसकी जिव्हा पर
जिस जिस ने अ नीरज लिखने पर अभिमान कर लिया

Poonam Kumari
Semester-II
Hons. -English

आतंकवाद

सजती है बाजार जहाँ
गोलियों बारूदों की,
कौड़ियो के मोल बिकते
जान–ईमान इंसानो के।
इंसानियत की छाँव जहाँ
खो रही उजालों में,
हो रहा वह राष्ट्र जवां
नकाबों के अँधियारो में।
आतंकी हमलों तले
वीरों ने सर कटा दिए,
माँ का आँचल कफन बना
अर्थी को पिता का कंधा मिला।
कितनी माँगे उजड़ गई
घर का दीपक बुझ गया,
माँ की गोद सूनी हुई
पिता का सहारा छीन गया।
मन की आँखों से देख जरा ऐ आतंकी
कद तेरा कितना छोटा है,
मरी हुई है जमीर तुम्हारी
मर गया धर्म–ईमान है।
हर साँसे बद्दुआ दे रही
जर्रा–जर्रा तुम्हे कोश रहा ,
इन मौतों के सिलसिले को जरा
तू दो पल ठहरकर सोच जरा
तूने अपनी मासूमियत खोई
तूने खोया अपना ईमान
इंसानों को मारने वाले कैसे हो सकता है इन्सान
ऐ आतंकी सोच जरा।।

Veena Kumari
Semester-VI
Hons. -History

मजबूत हौसला

कमजोर दिल हैं वो,

जो सहारों की तलाश करते हैं,

बैसाखियाँ बना बहानों की

मदद की फरियाद करते हैं।

टूट कर बिखर जाते हैं

अकसर ठोकरों से,

जो बता खुद को मजलूम

बर्बाद किया करते हैं।

अगर जीना है शान से

तो सीना तान ले,

कर मजबूत हौंसला

काबिलियत अपनी पहचान ले।

ऊंचाइयों पर जाने वालों का

ये दुनिया इस्तकबाल करती है,

पहुँच जाए जो बुलंदियो पर

ए "गुमनाम"

ये झुक–झुक कर

सलाम करती है।

Ajeet Kumar Yadav
Semester-III
Hons.-Geography

Education

Education is said to be a need,
Though people feel it is not a necessity,
There is an abundance of advantage in being read,
Still men feel it is not of no use in reality.
A value behind closed doors,
There is much to be gathered thereon,
Even used in all dimensions
This is well evident and seen.
Education is the main,
Though there could be pain,
Still no pain no gain,
Even a lot to get in the rain.
Education should not just depreciate
Though it is what no man can alienate
It is of use everywhere,
And also of help anywhere.
Education exhales knowledge,
It could be refitting,
Assuredly it gives an edge,
And a very one that is profiting.
With education there cannot be shambles,
It never exhales sham,
Not a one of casualties
Why don't we embrace it a stay calm?

Neha Kumari
Semester-III
Hons.-English

हौसला

रख हौसला वो मन्जर भी आएगा,
प्यासे के पास चलकर,
समुंदर भी आएगा।
थक कर न बैठ,
ए मंजिल के मुसाफिर,
मंजिल भी मिलेगी और
मिलने का मजा भी आयेगा।
नित नये सपने तू देख
पूरा करने का उन्हें रख हौसला,
अगर लक्ष्य तेरे है बुलंद
तो सपने भी सच होंगे,
और सच होने का मजा भी आएगा।
दूर कर अपने मन का अँधेरा
चल उठ अपनी पहचान बना,
अंधेरी राहों में जलाकर दिया
तू मुश्किलों को आसान बना।
आगे तुझमें है कुछ करने की शक्ति तो,
तुझे वो पहचान भी मिलेगी,
थक कर न बैठ
ए मंजिल के मुसाफिर
मंजिल भी मिलेगी
और मिलने का मजा भी आयेगा।

Khushboo Kumari
Semester-II
Hons.-Political Sc.

Take Your Troubles

Take your troubles
Best you can.
Stand right up
And pay the man.
Face I m just
As though you knew
You were coming
Safely through.
Blows will hurt
And bruise you, maybe,
But don't whimper
Like a baby.
Stand right up
And be a man.
Meet your troubles
Best you can.

Muskan Kumari
Semester-II
Hons.- History

जिंदगी

जिन्दगी, जिन्दगी है, जिन्दादिली हैं,
जिन्दगी ईश्वर द्वारा रचित एक कृति हैं ,
जिन्दगी कभीं कामदेव तो कभीं रति हैं,
यह वह कायनात हैं जो ,
हमको किस्मत से मिलीं हैं ।।

जिन्दगी पानी हैं कभीं प्यास हैं ,
टूटती आखरी सांस मे भी,
छुपीं होती एक आस हैं,
जिन्दगी एक मस्त ब्यार हैं ,
जिसकी खुशबू दिलो में घुली हैं।।

जिन्दगी धूप हैं तो कही पर छाव हैं ,
कही पर गतिमान हैं जिन्दगी ,
तो कही पर पडाव हैं ,
जिन्दगी एक पहेली हैं,
जिसमें ख्वाहिशे अनगिनत पलीं हैं।।

जिन्दगी एक खूबसूरत गुलाब हैं,
लेकनि इसमे कांटे बेहिसाब हैं ,
जिन्दगी प्रेम हैं, त्याग हैं,
जिन्दगी एक छुईंमुई सी कली हैं ,
कही पूरीं तो कही आधी खलिी हैं।।

Nisha Kumari
Semester-VI
Hons.-Hindi

The Road Not Taken

Two road diverged in a yellow wood,

And sorry I could not travel both

And be one traveler, long I stood

And looked down one as far as I could

To where it bent in the undergrowth;

Then took the other, as just as fair,

And having perhaps the better claim

Because it was grassy and wanted wear,

Though as for that the passing there

Had worn them really about the same

And both that morning equally lay

In leaves no step had trodden black

Oh, I kept the first for another day

Yet knowing how way leads on to way

I doubted if I should ever come back.

I shall be telling this with a sign

Somewhere ages and ages hence:

Two roads diverges in a wood, and I,

I took the one less traveled by,

And that has made all the difference.

Anjali Kumari
Semester-III
Hons-History

पृथ्वी के संघर्ष भरी कहानी

एक सोनपूर नामक गाँव मे पृथ्वी नामक एक लड़का रहता था। उसकी माता का नाम शांति शर्मा तथा पिता का नाम महेश शर्मा था। उसके दो भाई तथा एक बहन थी तीनों पृथ्वी से छोटे थे। पृथ्वी के पिता एक मजदूर थे तथा माता युध बेचती थी। उसके पिता शराब पीते थे, जिसके कारण अकसर उसके घर में तनाव का महौल बना रहता, था। उसके पिता की सारी कमाई शराब और जुए में जाता था और घर का सारा खर्च माता पे बना रहता था। पृथ्वी पढ़ने में बहुत तेज था। माँ ने जैसे तैसे कर के उसे पढ़ाया चूँकि घर की सारी जिम्मेवारी चाहे को पृथ्वी की पढ़ाची की हो या उसके भाई बदन की पढ़ाई की उसके माँ के ऊपर ही था। पृथ्वी की पढाई गाँव के सरकारी स्कूल से हुई। अब पृथ्वी 10वीं की पढाई कर रहा था कुछ ही दिनों मे उसका परीक्षा हुआ और कुछ दृप्तों मे रिजल्ट भी आ गया। जिसमें पृथ्वी मे ने अपने स्कूल मे टॉप किया। यह बात उसके पूरे गाँव में फैली। एक दिन जब पृथ्वी के पिता महेश जब शराब पीकर घर वापस आ रहे थे तभी उसे एक आदमी ने कहा कि, अरे, महेश मुँह मीठा करवाओगे देवी कि नही तो महेश ने नशे की हालात में बगेला किस बात का मुँह मीठा मैं मर गया हूँ क्या, तो उस आदमी ने कहा तेरे बेटे ने पूरे स्कूल में टॉप किया है ये बात सुनते ही महेश के कान खड़े के खडे रह गये ट्री और उसके आंखों से आँसू आने लगे क्योंकि जब महेश छोटा था वो भी पढने मे बहुत तेज था पर पैसो की वजह से वो पढ़ नहीं पाया और उसने शराब पीना शुरू कर दिया लेकिन जब उसने यह उसने यह बात सुनी तो उसके मन मैं एक ख्याल नाम हम एक का घर आया कि अब तक जो हुआ सो हुआ लेकिन वह आजू के बाद शराब नही पीयेगा और मन में ठान लिया कि अब चाहे ज हो जाए वह अपने बेटे को खुब पढ़ाएगा घर जाते ही उसका नशा उतर गया था) उसने अपनी पत्नी शांती से कहा शांती हम अपने पृथ्वी का नाम एक अच्छे कॉलेज में करवाएगे और उसे पढ़ाएंगें तो शांति ने कहा यहाँ मैं चला नही पाती और आप कहते हैं पृथ्वी का एक अच्छे कॉलेज मे लिखवाएगे सिर्फ कहना काफी नहीं होता उसके लिए पैसे लगते है आप तो अपना सारा पैसा शराब और जुए में उड़ाते है तो मैं अकेली क्या करूँगी। शांती की बात पर महेश बोलता है, आज से मैं शराब नही पीऊगा ज्यादा मेहनत करूँगा लेकिन अपने बेटे को पढाऊँगा। अगले दिन सुबह शांति और महेश पृथ्वी को लेकर कॉलेज में जाते है और उसका नाम दर्ज करवा देते है। देखते ही देखते 5 महीने बीत गये एक दिन बात है बारिश का मौसम था पृथ्वी के पिता तबीयत तोडी खराब थी। बाहर तेज बारिश हो रही होती है फिर भी उसके पिताजी काम पर चले जाते है बारिश तेज होने कारण महेश भिंग जाता है और उसी तरह काम करता है। घर आने पर उसकी तबीयत और खराब हो जाती है बहुत इलाज पर भी तबीयत ठीक नही हो पाता है चूंकि बुखार सिर मे चला जाता है। 14 दिनों तक इलाज चलता है और अंत में 15 वें दिन पृथ्वी के पिता की मृत्यु हो जाती है। पिता की मृत्यु के बाद पृथ्वी पूरी तरह से उदास हो जाता है माँ भी बहुत उदास रहती थी पृथ्वी की पढ़ाई रुक जाती है। पिताजी के इलाज के लिए इन्होंने बहुत से कर्जे लिये होते हैं। फिर भी पृथ्वी की माँ एक दिन पृथ्वी से कहती है कि बेटे तुम जाओ पढने मैं सब घर पर संभाल लुंगी। पृथ्वी चला जाता है। पृथ्वी के 6 महीने की पढाई पूरी हो गई थी पर 11,वी 12 जी की डेढ साल की पढाई अभी बाकी थी। पृथ्वी के बारे मे जान कर उसके कॉलेज में फीस माफ कर दी जाती है पृथ्वी पूरी मेहनत करता है और इंटर (12जी) की परीक्षा मे भी वह टॉप करता है और इस बार वह state topper होता है। State topper होने की वजह से उसका ग्रेजुएशन में फ्री में नामंकन होता है। वह ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी कर गांव जाता है और वहीं से B.Ed की पढाई करता है इसी बीच वह Competition की तैयारी करता है एक बार उसका रिजल्ट खराब हो जाता है कुछ गडबडी के कारण उसका सलेक्सन नहीं हो पाता है वह लगातार कोशिश करता अब उसके बीएड की पढाई पूरी हो जाती जनरल अब वह गाँव में ही एक स्कूल खोलता है। चूँकि ग्रेजुएशन तथा B.Ed की तैयारी के दौरान

भी छोटे बच्चों को पढखता था और B.Ed हों जाने पर उसने ऐसा फैसला लिया यह फैसला बहुत बड़ा था। उसने स्कूल खोलने के लिये गाँव की जमीन को गिरवी रखा कर। धीरे धीरे उसका स्कूल चला चल पड़ा और उसने सारे कर्जे भी चुका दिये। स्कूल खोलने के बाद भी पृथ्वी ने Competition की तैयारी नही छोड़ी। अंत मे एक दिन उसका रिजल्ट हो गया। चूँकि उसके पापा का सपना था कि वों रेलवे जोब करें और उसका सेलेक्शन रेलवे में ही हुआ। अब उसके गाँव के स्कूल में उसके भाई–बहन पढाते है पृथ्वी ने सिर्फ अपनी ही पढ़ाई पूरी नहीं की बल्कि अपने साथ अपने भाई–बहनों को भी पढ़ाया। आज भी जब गाँव मे कोई बच्चा नही पढता तो उसे पृथ्वी की कहानी बताई जाती है।

प्रिया कुमारी
रोल नं.–369
सेमेस्टर–IV

युवाओं को गांधीवादी सिद्धांत अपनाने की जरूरत : डॉ सु

सरिया कॉलेज में कैरम प्रतियोगिता का आयोजन

गिरिडीह भास्कर 04-05-2023

सरिया कॉलेज के लूडो प्रति में पप्पू पंडित बना विजेता

गिरिडीह भास्कर 12-07-2022

बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए जागरूकता फैलाना जरूरी: प्रो. अरुण

योग अभ्यास एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

गिरिडीह भास्कर 05-07-2022

कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने किया पौधरोपण

संक्षिप्त समाचार

शतरंज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

गिरिडीह भास्कर 27-11-2022

अनुमंडल कार्यालय में अधिकारियों ने ली शपथ ,सरिया कॉलेज में संगोष्ठी

विधायक के सम्मान में आयोजित की गई समारोह

कैंपस/गिरिडीह

प्रभात खबर

विद्यार्थियों को पुस्तक से दोस्ती करनी चाहिए : विनोद सिंह

युवाओं को गांधीवादी सिद्धांत अपनाने की जरूरत : डॉ सुरेंद्र

गिरिडीह भास्कर 27-11-202

अनुमंडल कार्यालय में अधिकारियों ने ली शपथ ,सरिया कॉलेज में संगोष्ठी

गिरिडीह भास्कर 06-06-2022

गिरिडीह

सरिया कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर ऑनलाइन संगोष्ठी आयोजित

पर्यावरण की सुरक्षा और सेहत की रक्षा रहने के लिए चलाएं साइकिल

चुनाव को प्रभावित करने वाले कारक के बारे में पूछे सवाल

सरिया कॉलेज में लूडो प्रतियोगिता

Seminar Hall

College Campus

Science Lab

Geography Lab

Play Ground

Smart Class

Water Filter

Bus

CC TV Camera

SARIYA COLLEGE, SURIYA

GIRIDIH, JHARKHAND

PERMANENTLY AFFILIATED TO VINOBA BHAVE UNIVERSITY, HAZARIBAG

REG. UNDER 2(F) AND 12(B) OF U.G.C. ACT

Sariyacollege1984@gmail.com

www.sariyacollege.ac.in